स्वामित्व : अपेम पेट्रॉन टीम

Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 26-09-2021 | अंक 10

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



**न्यूज ब्रिफ**

## माउंट ओलिवेन्ट स्कूल के शिक्षक की असामयिक निधन, शिक्षको एवं जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक

**अपेम लाइव : बरही**

विजैया में संचालित माउंट ओलिवेन्ट स्कूल के शिक्षक बधिया जाबड़ निवासी 23 वर्षीय गजाधर यादव की निधन शनिवार देर रात हो गई। उनकी असामयिक निधन से स्कूल परिवार एवं उनके गांव बधियाजाबड़ के लोग



**फाइल फोटो गजाधर यादव**

स्तब्ध हैं। जानकारी के मुताबिक देर रात उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने उन्हें लेकर बरही आ रहे थे, बरही आने के दौरान रास्ते मे ही उन्होंने दम तोड़ दिया। माउंट ओलिवेन्ट स्कूल के प्राचार्य विजय यादव ने बताया कि वे रेगुलर स्कूल आ रहे थे। शनिवार को भी स्कूल आए थे। उस समय वे ठीक थे। रविवार सुबह खबर मिली कि उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि में मिलनसार एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे हमेशा अपनी ड्यूटी के मामले में संजीदा रहते थे। उनके निधन पर जीप प्रतिनिधि मो कयूम, रवि यादव, किशोर यादव, सरयू यादव, टेकलाल यादव, अपेम मुख्य संरक्षक कपिल केशरी, ड० अनिल कुमार, बीरेंद्र कुमार, रघुवीर यादव, सुरेश यादव, मिथलेश यादव आदि ने शोक संवे. दना प्रकट की है।

## अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर विशेषः– हर क्षेत्र में बेटियां दिखा रही है अपनी प्रतिभा, प्रतिभा के बल पर लहरा रही है परचम

## बेटी को बोझ नही भगवान का दिया अनुपम उपहार माने, बेटियों के खिलाफ बढ रही समाजिक कुरुतियों पर लगाए रोक : उषा रानी

**अपेम लाइव : बरही**
**कृष्णा प्रजापति**

आज अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस है। यानि आज का दिन बेटियों के सम्मान का दिन है। क्योंकि बेटियां आज वे सारे काम कर रही हैं। जो आज का पुरूष वर्ग कर रहा है। इधर पिछले कुछ सालों ने बेटियों ने हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। यूं कहे तो बेटियां हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर कामयाबी के परचम लहरा रही हैं। इसके बाद भी महिलाओं में साक्षरता 70 प्रतिशस ही है। यानी 10 में से 3 महिला कुछ भी पढ़–लिख नहीं सकतीं। अंतरीक्ष से लेकर मंत्रालय तक हर जगह बेटियां झंडे गाड़ रही हैं। हाल में आए यूपीएससी में ट०प टेन में 5 लड़कियां हैं। बेटियों की इसी कामयाबी एवं उनका हौसलावर्द्धन को सेलिब्रेट करने के लिए हर साल 'ड०टर्स डे' मनाया जाता है। बेटियों के भविष्य को लेकर सरकार







समय–समय पर योजनाएं लाती है। ताकि उनके माता–पिता को किसी भी तरह की परेशानी न हो। मवि बेंदगी की पारा शिक्षिका उषा रानी ने अपनी बेटियों पर गर्व की अनुभूति करते हुए कहती हैं कि अब बेटे और बेटी का फर्क भूलकर बेटी के जन्म का स्वागत कीजिए। बेटी के बोझ नही बल्कि भगवान तोहफा मानिए। बेटी को वह हर हक एवं सम्मान दिजीए, जो उनहे चाहिए। तभी सही मायने में बेटी दिवस मनाने की सार्थकता सिद्ध होगी।

**क्यों मनाया जाता है डॉटर्स डे यानि बेटी दिवस**

अभी भी बेटियों को लेकर लोगों के बीच गलत धारणा है। अगर घर में किसी बेटी का जन्म हुआ तो वह बोझ के समान समझी जाती हैं। उसके जन्म से ही परिवार को दहेज से लेकर तमाम चीजों की चिंता होने लगती है। कई बार बेटी को गर्भ में ही मार दिया जाता है। उसे घरेलू हिंसा, दहेज और दुष्कर्म आदि का शिकार होना पड़ता है। बेटियों को बचाने और उनके प्रति सम्मान लाने के लिए डॉटर्स डे यानि बेटी दिवस मनाया जाता है।

**बेटी दिवस का महत्व**

वर्तमान समय में बेटियों ने सभी क्षेत्रों में अपनी कामयाबी का परचम फहरा रही हैं। इसके लिए बेटियों को कभी बेटे से कम नहीं आंकना चाहिए। भारत पुरुष प्रधान देश है। इस देश में नारी का सम्मान किया जाता है। हालांकि, जब बेटी को समान अधिकार और आजादी देने की बात आती है, तो लोग भेदभाव करने लगते हैं। इस मानसिकता में बदलाव की जरूरत है। बेटियों को बेटे के समान प्यार और स्नेह दें। इस प्यार को पाकर बेटियां न केवल अपने माता–पिता, बल्कि देश का नाम और ज्यादा रौशन करेंगी।

सरकार ने कई तरीके से लड़कियों की स्थिति को सुधारने का काम किया है। इस कारण से सेक्स अनुपात की स्थिति भी बेहतर हुई है। नही तो जिस तरह बेटियों की जनसंख्या कम हो रही थी, उससे जनसंख्या संतुलन में काफी प्रभाव डालती। लेकिन अब समाज, परिवार एवं सरकार भी बेटियों को प्रोत्सा. हित कर रही है। लेकिन जरूरत है कि बेटियों को अपने परिवार में सम्मान देने की। क्योंकि जब तक बेटियों को घर में सम्मान, प्रेम एवं इजजत नही मिलेगी। तबतक बाहर के लिए सोचना बेकूफी होगी। इसलिए आज के बेटी दिवस पर हर एक माता पिता एवं अभिभावक को यह संकल्प लेने की जरूरत है कि बेटा बेटी में कोई फर्क नही करेंगे। बेटी को भी उच्च शिक्षा ग्रहण कराएंगे। बेटी को भी बेहतर नागरिक, सच्चा देशभक्त, एवं सच्चा सेविका बनाने का काम करेंगे। हलांकि सरकार बेटियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार अपने अपने स्तर से प्रयास कर रही है।

APEM LIVE

## दुष्कर्म पीड़िता को इंसाफ दिलाने आगे आया भुइयां समाज के लोग, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

### अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति प्रखंड इकाई की बैठक, नशापान,संगठन विस्तार व मजबूती पर चर्चा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनू पंडित**

अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति प्रखंड बरही इकाई की बैठक अब्दुल कलाम पाक में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष छोटी राम भुइयां एवं संचालन तिलक भुइयां ने किया । बैठक में संगठन की मजबूती, संगठन विस्तार एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने पर चर्चा की गई । इसके साथ ही दारू थाना क्षेत्र में भुइयां समाज की बेटी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में इंसाफ दिलाने को लेकर आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया गया । बैठक में यह तय हुआ कि जबतक दूष्कर्म पीड़िता के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी एवं उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं होती है , तब तक भुइयां समाज आंदोलन करते रहेगा। रेप लेकर भुइयां समाज संकल्पित पीड़िता को इंसाफ दिलाने को एवं प्रतिबद्ध है । प्रखंड अध्यक्ष





**बैठक करते भुईयां समाज के लोग**

छोटी राम भुइयां ने कहा की भुइयां समाज को टारगेट कर परेशान किया जा रहा है ।। जिसका मुख्य कारण हम लोगों में सामाजिक एकजुटता का अभाव है । इसलिए हम लोगों को भी अब एकजुट होना पड़ेगा । समाज में शिक्षा को बढ़ावा देकर समाज के विकास के लिए नशा पान एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करना होगा । मौके पर सभी लोगों ने संकल्प लिया कि भुइयां समाज में फैली सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए हम सब एकजुट होकर जागरूकता अभियान चलाएंगे । मौके पर छोटी राम भुइयां, तिलक भुइयां, गुलो भुईयां , वीरेंद्र भुइयां, आजाद भुइयां, दिग. बर भुइयां , आनंद भुइयां, अरुण भुइयां, अजय भुइयां, विजय भुइयां, शंकर भुइयां, महेंदर , राजेंद्र , तिलेश्वर भुइयां आदि लोग मौजूद थे।

## शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनू पंडित**



बरही प्रखंड़ अंतर्गत पंचमाधव निवासी बालकी यादव के घर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर उनका ढ़ाढ़ंस बंधाया। ज्ञात हो कि 18 सिंतबर की रात मे चुट्टूपालु घाटी में ट्रक पलटने से पंचमाधव निवासी राजू यादव एवं रंजीत यादव दोनों चाचा भतीजे की मौत हो गयी थी। विधायक ने चाचा और भतीजे दोनों असमायिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। विधायक ने कहा कि दुख की इस घड़ी में मैं मृतक के परि. जनों के साथ हुँ। जहां तक संभव होगा पीड़ित परिवार के मदद को तत्पर रहुँगा। मोके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव,रितेश गुप्ता मुखिया हरेंद्र गोप, ,कृष्णा यादव, नागेश्वर रजक, छोटन गोप, धीरेन्द्र यादव, राजू यादव, सुरेश यादव,सोहन मास्टर, अरविन्द राणा, रामेश्वर यादव, चंदर यादव, राजेंद्र भारती, मुन्ना यादव पिंटू कुमार, सुधीर यादव एवं गांव के अन्य लोग उपस्तिथ रहे।

## तथागत फार्म हाउस में मुंबई के तर्ज पर होगा अपेम फिल्म स्टूडियों का निर्माण

### स्थानीय कलाकारों को मिलेगा काम व हुनर दिखाने का मौका, मुंबई से आए डायरेक्टर ने लिया लोकेशन का जायजा

**अपेम लाइव : बरही**
**राज आर्यन उर्फ छोटी**

मुबई के तर्ज पर तथागत फार्महाउस उरवां को फिल्म स्टूडियों के तौर पर विकसित किया जाएगा। अपेम के निर्देशन में अपेम फिल्म स्टूडियों का निर्माण किया जाएगा। जहां हिंदी, भोजपुरी, नागपुरी एवं खोरठा भाषा में म्यूजिक एलबम, शॉर्ट मूवी एवं बडा मूवी शूट किया जाएगा। अपेम फिल्म स्टूडियों के निर्माण एवं मूर्त रूप देने के लिए शनिवार को मुंबई से आए जाने माने डायरेक्टर संतोष राणा ने लोकेशन पर आकर पूरा सीन का जायजा लिया। उन्होने बताया कि उरवां में स्थापित तथागत फार्म हाउस का लोकेशन फिल्म स्टूडियों बनाने लायक है। क्योकिं इस लोकेशन में आस पास नदी पहाड है। साथ ही तथागत फार्महाउस का जितना बडा क्षेत्रफल है। वहां असानी से फिल्म सूट करने लायक स्टूडियों तैयार किया जा सकता है। यहां पर फिलहाल कॉटेज, छोटा छोटा मंदिर, गेट, झरना सहित कई फिल्म स्टूडियों के लिए जरुरी शूट स्थल बनाया जाएगा। इस बाबत उन्होने हर एंगल से फोटोग्राफी कर उसकी बारिकी से अवगत कराया। मौके पर मौजूद अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने कहा कि बरही एवं उसके आस पास के कलाकारों में प्रतिभा की कोई कमी नही है। अपेम फिल्म स्टूडियों मिलने से अपेम आर्ट एंड कल्चर ग्रुप से जुडे कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। मौके पर डाइारेक्टर संतोष राणा, चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजा. पति, अपेम प्रोडक्शन डाइरेक्टर सतीश शीतल, आर्ट एंड कल्चर के डाइरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी, सर्वजीत कुमार, विजय कुमार आदि लोग मौजूद थे।



**स्थल का निरीक्षण करते डायरेक्टर व अपेम टीम**









डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव की प्रीति तिवारी तथा माया कुमारी को दी बधाई

### बड़कागांव की प्रीति को झारखंड अंडर-19 क्रिकेट टीम की कप्तान बनने एवं माया कुमारी का एमकॉम टॉपर बनने पर दी शुभकामनाएं

**अपेम लाइव : बड़कागांव**



अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव गुरुचट्टी निवासी माया कुमारी के एमकॉम मे टॉप करने पर बधाई दी। वहीं बड़कागांव ढेगा निवासी प्रीति तिवारी को अंबा प्रसाद ने अंडर-19 क्रिकेट टीम की कप्तान बनने पर बधाई दी है उन्होंने इस दिशा में और अधिक कीर्तिमान स्थापित कर क्षेत्र का नाम राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने की कामना की। बड़कागांव विधायक ने कहा कि इसी तरह की प्रतिभाशाली तथा ऊर्जावान महिलाएं ही महिला सश. क्तिकरण की दिशा पर रोल अंबा प्रसाद बनकर उभरेंगी।

## छेड़-छाड़ के आरोपी डॉक्टर को भेजा जेल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**

बरकट्ठा पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को जेल भेजा। इस बाबत ग्राम चुगलामो निवासी पीड़िता ने थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथ. मिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी में लिखा कि 24 सितंबर को रात में मेरा पेट दर्द हो रहा था तो मेरी मां और मामा इलाज के लिए लालोडीह चौक, तुर्कबाद के समीप चौधरी मेडिकल में ले गए। जहां मेडिकल में बैठे झोलाछाप डॉक्टर देवनारायण चौधरी उर्फ बबलू चौधरी पिता स्व झलु चौधरी ने मुझे दो टेबलेट खाने को दिया। दवा खाने के बाद मैं बेहोशी की हालत में सो गई। डाक्टर ने मेरी मां और मामा को यह कह कर घर भेज दिया कि यह अभी सो गई है और इसे स्लाइन करना पड़ेगा। सुबह लगभग पांच बजे आंख खुलने पर देखा कि उक्त डॉक्टर मेरे शरीर को जहां तहां छुकर मेरे साथ जबरदस्ती करने का प्रयास करने लगा। मैं इसका विरोध कर चिल्लाने लगी। इसी समय मेरी छोटी बहन पहूंची, जिसे डाक्टर ने मारपीट कर भगा दिया। उसके बाद मेरे मां और मामा पहूंचे। तब हमारी इज्जत बचा। इस बाबत थाना में प्राथ. मिकी दर्ज कर उक्त आरोपी डाक्टर को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा गया। इसका केस नम्बर 204/21 है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नही विधायक : अमित यादव

**अपेम लाइव : ईचाक**



विधायक को सम्मानित करते युवा

ईचाक प्रखंड के फुरुका गाँव में सर्वोदय युवा क्लब द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता मैच का आयोजन हुआ उद्घाटन मैच का सर्वोदय युवा क्लब फुरुका और बरियठ क्लब के बीच खेला गया मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव ने मैच का शुभारंभ फीता काटकर एंव किक मार करके किये और साथ ही खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन बढ़ाये विधायक ने कार्यक्रम को संबोधन करते हुए कहा कि खेल को खेलों भावना से खेलना चाहिए हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए उन्होंने कहा कि फुटबॉल देश में काफी लोकप्रिय खेल है और लगभग हर घर में इसके प्रमी मिलेगे द्य हमारे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से ही निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है इस अवसर पर बड़ी संख्या जनता उपस्थित थेद्य मौके पर बटेश्वर प्रसाद मेहता, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधी उपेन्द्र पाण्डेय ,सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, दिपक गिरी, धर्मेन्द्र सिंह, जागेश्वर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## 1 अक्टूबर से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**

प्रखण्ड क्षेत्र के गैड़ा में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ गैड़ा स्थित परियोजना हाई स्कूल के मैदान में 1अक्टूबर से होगा। जहां मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि ज़िप सदस्य कुमकुम देवी, डिवाइन स्कूल के निदेशक आईपी भारती, पसस0 भोला राम,बिनोद राणा उप. स्थित होंगें।यह जानकारी टूर्नामेंट के आयोजक नव युवक क्लब गैड़ा के सचिव शंकर पांडेय , धीरज पांडेय व अभय पांडेय ने सयुंक्त रूप से दी। वहीं नव युवक क्लब के अध्यक्ष लीलाधारी साव, त्रिवेणी चंद्रवंशी एवं विकास पांडेय ने सयुंक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट के पहले दिन ओपनिंग मैच खेलने वाली टीमों को दोबारा मौका दिया जाएगा। जो खिलाड़ी पूरे टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करेंगे उसे कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## सांसद ने कार्यकर्ताओ संग सुना पीएम के मन की बात, कई योजनाओं का किया शिलान्यास

### जो वादा करता हूँ उसे जरूर निभाता हूँ, समस्याओं के प्रति रहता हूँ गंभीर : जयंत सिन्हा

**अपेम लाइव : चौपारण**




मन की बात सुनते सांसद जयंत सिन्हा व अन्य

हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चौपारण प्रखण्ड का तूफानी दौरा किया। कार्यक्रम की शुरुवात सांसद ने भाजपा जिला महामंत्री राजेश सहाय के आवास पर कार्यकर्ताओं संग पीएम मोदी के मन की बात सुनकर किया। इस दौरान सांसद ने अपने मद से निर्मित मध्य विद्यालय चौपारण के चारहदीवारी का उदघाटन किया। ईगुनिया पहुंचे सांसद ने विद्यालय में नामांकन कर प्लस दो उच्च विद्यालय का किया शुभारंभ। बसरिया, डेबो व पाण्डेयबारा में कार्यकर्ताओं संग संवाद स्थापित कर पेटुला, हपवा आदि कालीकरण सड़को का ऑनलाइन शिलान्यास किया। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि जो वादा करता हूँ उसे हम जरूर निभाता हूँ। कहा जिसे उदघाटन करता हूँ उसका उदघाटन भी हम करते है। कहा क्षेत्र की समस्याओं के प्रति सजग्र रहता हूँ व समस्या समाधान का हर सभव प्रयाश करता हूँ। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रामस्वरूप पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, राजेंद्र चन्द्रवंशी, मुकुंद साव, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सुरेश साव, मंडल महामंत्री आशीष सिंह, कृष्ण कुमार साव बालेशवर साव, अरविंद सिंह, सुनील सिंह योगेश सिंह, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता जिप सदस्य सीताराम साहु, परमेश्वर साहु, गजाधर प्रसाद उदय सिन्हा, विरेंद्र रजक, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, आशीष कुमार गुप्ता, मनीष सिन्हा, अरबिन्द साव, राजकुमार यादव, संजय सिंह, विनय सिह, जगजीत कुमार साव पिंटु सोनी रंजीत पाण्डेय सुनील साहु अमित साहु रेवा शंकर साव सुधीर कौशल, मंटू सिंह अशोक गुप्ता गिरजा साव अशोक ठाकुर विकास रजक सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## समय से पहले धान के फसल में बालियाँ आने से किसान परेशान

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में हाइब्रिड किस्म के धान के फसल में समय से पहले ही बालियां निकलने लगी है। ऐसे में धान के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। लिहाजा किसान चिंतित व परेशान हैं। शिलाड़ीह निवासी कृषक एतवारी महतो का मानना है कि समय से पहले धान फसल में बालियां निकलने से धान के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। इससे बालियों में दाने नहीं भरते हैं और धान खखरी हो जाते हैं ।प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने बताया कि धान की रोपाई से कम से कम 60 दिन बाद ही बालियां निकलनी चाहिए। लेकिन इस वर्ष समय से पहले पा.धों से बालियां निकलने लगी है । अभी धान के पौधे परिपक्व भी नहीं हुई कि लहलहाते फसल में बालियां निकलने से किसानों में मायूसी छाई हुई है ।इधर कई स्थानों में धान फसल में कई प्रकार की बीमारियां भी उत्पन्न होने लगी है ।धान में कुछ कीड़े भी लग गए हैं। प्रखंड के शिलाडीह, लगनवॉ, चामुदोहर, पंचरुखी, सिजुआ डुमरडीहा सहित कई गांव में धान में समय से पहले बालियां निकल आई है। दूसरी ओर मौसम ने इस वर्ष धान की खेती के लिए किसानों को भरपूर सहयोग दिया और शुरुआत में बारिश भी अच्छी हुई लिहाजा प्रारंभ में धान की खेती को जबरदस्त लाभ पहुंचा। चेचकपी पंचायत के कृषक संजय मेहता ने बताया कि जो धान हथिया नक्षत्र के बाद बाली देते हैं उसमें दाने अच्छे होते हैं क्योंकि हथिया नक्षत्र में जबरदस्त बारिश होती है। धान में जिस समय बालियां निकल रही होती है उस समय .बारिश होने से धान के उत्पादन पर प्रभाव पड़ता है।

## आरक्षण की मार, कहीं संभावित उम्मीदवारो के उम्मीदों को न कर दे तार तार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कुमार राणा**




पंचायत चुनाव के सुगबुगाहट के बीच पंचायत चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी दावेदारी पेश कर जनता के बीच जाकर समाजसेवा से जुड़ जाते है। उम्मीदवारी की उम्मीद लगाए लोग पांच वर्षो के लंबे इनतेज़ार करते है कि इस बार पंचायत का आरक्षण हमारे पक्ष में जायेगा और हम मजबूत उम्मीदवार के रूप में जनता के बीच जाएंगे। लेकिन उनके उम्मीदों पर पानी तब फिर जाता है जब आरक्षण की मार उनके उम्मीदों को तार तार कर देता है। पंचायत वार कई उम्मीदवार ऐसे है जो खुद चुनावी मैदान में उतरना चाहते है लेकिन महिला सीट होने के कारण अपनी उम्मीदवारी से पीछे हट जाते है। वही आरक्षित सीटों पर अन्य जातियों के लोगों का मुखिया बनने का सपना, सपना ही रह जाता है। चौपारण को पंचायत वार आरक्षण से संबधित मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में आरक्षित सीटों के अनुसार ज्यादातर सीटों पर महिला के स्थान पर अन्य या अन्य के स्थान पर मf. हलाओ के लिए आरक्षित किया गया है। जबकि पडरिया, रामपुर, सेलहारा, ब्रहमोरिया, पाण्डेयबारा पंचायत में मुखिया पद के लिए आरक्षित सीटों में कोई बदलाव नही किया गया है। सबसे ज्यादा उम्मीदवारी वैसे पंचायतो में देखने को मिलेगा जहां की सीटों को अनारक्षित किया गया। चोरदाहा पंचायत में उम्मीदवारी को तैयार उम्मीदवारो के उम्मीदों पर पानी फिर गया जब सीट को अनुसूचित जनजाती के लिए आरक्षित कर दिया गया। भगहर में एसी सीट होने से टक्कर जोरदार होने की संभावना है। हालांकि आरक्षण का लाभ भी लेने के लिए कई उम्मीदवार चुनावी मैदान में कूदने को लेकर तैयारी अभी से ही शुरू कर दिया है। आरक्षण में छपे संभावित सूची के बाद से पंचायतो में चुनावी चर्चा जोरों पर शुरू हो गया है और संभावित उम्मीदवार जोड़ तोड़ के राजनीति में लग गये है।







विज्ञापन के लिए संपर्क करे

सोनु पंडित 9550809864

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार    एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी